झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड, राँची

प्रेस विज्ञप्ति

राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में पदाधिकारियों (गैर शैक्षणिक) यथा कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं वित्त पदाधिकारी के पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या–38/2016 के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में पदाधिकारियों (गैर शैक्षणिक) यथा **कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक** एवं **वित्त पदाधिकारी** के पदों पर नियुक्ति हेतु साक्षात्कार यथा **कुल सचिव दिनांक–08.06.2017, परीक्षा नियंत्रक दिनांक–09.06.2017 एवं वित्त पदाधिकारी दिनांक– 10.06.2017** को आयोग कार्यालय में निर्धारित है।

2. साक्षात्कार हेतु उम्मीदवार अपना Call Letter दिनांक–**03.06.2017** से दिनांक– **08.06.2017** तक आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** से अपना पंजीयन संख्या एवं जन्म तिथि डालकर डाउनलोड कर सकेंगे। उम्मीदवार Call Letter डाउनलोड कर निर्धारित तिथि एवं समय पर साक्षात्कार हेतु सभी शैक्षणिक मूल प्रमाण–पत्रों, साक्षात्कार कार्यक्रम एवं Call Letter में निदेशित वांछित अभिलेखों के साथ आयोग में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। आवेदकों को साक्षात्कार पत्र डाक द्वारा नहीं भेजे जायेंगे।

3. आयोग के वेबसाइट से Call Letter डाउनलोड नहीं होने की स्थिति में उम्मीदवार आयोग के हेल्पलाईन नं0–**0651–2213009** पर संपर्क कर सकते है अथवा दिनांक–**05.06.2017** से **08.06.2017** तक कार्यालय अवधि में आयोग के पूछताछ काउंटर पर अपना नाम एवं जन्म तिथि के साथ आवेदन देकर Call Letter प्राप्त कर सकते हैं।

4. प्राप्त आवेदनों की विज्ञापन में निहित शर्तों एवं प्रावधानों के अनुरूप समीक्षोपरांत अर्हित एवं अनर्हित उम्मीदवारों की सूची आयोग के वेबसाइट पर उपलब्ध है।

5. साक्षात्कार कार्यक्रम एवं यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाइट पर उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची